- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना। रविवार, 20 अक्टूबर 2024 web_dainikbiharpatrika.com Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


# शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई की पुलिस को देखकर भागने के दौरान वृद्ध की मौत

## भारी बवाल,आक्रोशित लोगों ने पुलिस को बनाया बंधक

**दैनिक बिहार पत्रिका/वैशाली**

वैशाली जिला के महुआ थाना क्षेत्र के जलालपुर गंगटी में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस को देखकर भागने के दौरान गिरकर एक 50 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वही मृतक के परिजनों ने पुलिस पर वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस को बंधक बनाए जाने की सूचना मिलने पर महुआ डीएसपी सुरभ सुमन अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने सबसे पहले आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।इस दौरान उन्होंने आक्रोशित परिजनों/लोगों को हाथ जोड़कर शांत कराती हुई दिखी।वहीं परिजनों के साथ ग्रामीण शव को महुआ-जलालपुर गंगटी मार्ग पर रखकर सड़क को जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगा। हंगामा कर रहे ग्रामीणों के शांत नहीं होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़



आक्रोशित लोगों को समझाती डीएसपी सुरभ सुमन

को तीतर-बितर किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय वैशाली से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया हैं कि 19 अक्टूबर को महुआ थाना प्रातः गस्ती में स०अ०नि० भुवनेश्वर राम एवं गस्ती दल के सिपाही को मधनिषेध टोल फ्री नंबर-15545(ETN NO-272326) से सूचना मिलने पर गस्ती दल जलालपुर गंगटी में पहुंची,तभी जांच के लिए आए पुलिस वाहन को देखकर एक वृद्ध व्यक्ति भागने लगा। पुलिस एवं व्यक्ति की दूरी 250 मीटर के करीब थी। उक्त व्यक्ति भागने के क्रम में गिर गए और वही पर उनकी मौत हो गई। वही मृतक व्यक्ति की पहचान वैशाली जिला के कटहरा थाना क्षेत्र के करहटीया बुजुर्ग निवासी स्वर्गीय महावीर पासवान के 50 वर्षीय पुत्र राजेंद्र पासवान के रूप में की गई हैं। इसी को लेकर ग्रामीणों द्वारा पुलिस बल के साथ मारपीट किया गया एवं सरकारी वाहन पर पत्थरबाजी कर शीशा फोड़ दिया गया हैं। मारपीट के क्रम में गस्ती दल के एक सिपाही को हल्के चोट आई हैं,जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल महुआ में चल रहा हैं। पुलिस बल के आने के बाद स्थिति नियंत्रण में हैं। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। मौके पर वरीय पुलिस अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद है। उग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

# शराब विक्रेताओं की सूचना देकर सामाजिक दायित्व का करे निर्वहन : रणधीर



**दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा**

जदयू के प्रदेश महासचिव व पूर्व छपरा विधायक रणधीर सिंह ने कहा है कि सीवान और छपरा जिलों में जहरीली शराब से कुछ लोगों की मृत्यु हुई है, जो कि अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। कुछ लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं,उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस मामले में सरकार पूरी तरह से सख्त है,प्रशासन पैनी निगाह से निगरानी कर रही है और सख्ती से कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। कुछ सिपाही को सस्पेंड और लाइन हाजिर भी किया गया है, फिर भी मैं सारण के प्रशासन से मांग करता हूं कि जिसकी भी मिली भगत से जहरीली शराब बनायी जा रही है, उन दोषियों को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तार कर त्वरित करवाई करे। मैं आम जनता से भी अपील करता हूँ कि शराबबंदी जनहित में उठाया गया एक बड़ा फैसला है, आप भी किसी तरह के शराब का सेवन ना करे तथा शराब बिक्रेताओं की सूचना सरकार के टोल फ्री नम्बर पर देकर अपने सामाजिक दायित्व को निभाये, जिससे क्षेत्र में दुबारा ऐसी घटना न घटित हो ।

## एक नज़र इधर भी

### हत्या मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**बेलदौर।** पुलिस ने हत्या के मामले में मृतक की मां आशा देवी के आवेदन पर पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर इसकी बारीकी से जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कुर्बन पंचायत के वार्ड नंबर सात सठमा गांव निवासी स्वर्गीय जोगेंद्र यादव के 30 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार को गत बुधवार एवं गुरुवार की रात में सोए हुए अवस्था में अज्ञात लोगों ने कनपट्टी में एक गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सूचक के द्वारा महेशखूंट थाना के गोविंदपुर गांव के पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए इस हत्या में उसकी संलिप्त रहने की आशंका जताई गई है।

### रेलवे एक्ट में 16 लोग अरेस्ट

**खगड़िया।** आरपीएफ ने शनिवार को खगड़िया रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाकर अलग-अलग रेलवे एक्ट में 16 लोगों को पकड़ा। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक रणवीर कुमार, आरक्षी विक्रम कुमार आजाद द्वारा खगड़िया स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया में चेकिंग अभियान चलाकर रेलवे एक्ट के विभिन्न धाराओं में कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। चार व्यक्ति को अनधिकृत रूप से खाद्य पदार्थ बिक्री करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। वहीं एक व्यक्ति को खगड़िया स्टेशन में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के जुर्म में, तीन लोगों को सर्कुलेटिंग एरिया में नो पार्किंग जोन में बाइक खड़ा करने के जुर्म में, छह व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से महिला कोच में सफर करने के जुर्म में, दो व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग कर ट्रेन रोकने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार 16 अभियुक्तों के विरुद्ध आरपीएफ खगड़िया में मामला दर्ज कर रेलवे न्यायालय खगड़िया में पेश किया गया।

### राज्य भर में डेंगू के 189 मरीज मिले




**पटना।** राज्य में डेंगू मरीज रोजाना बढ़ रहे हैं। राज्य भर में शुक्रवार (18 अक्टूबर) को डेंगू के 189 नए मरीज मिले हैं। इसमें सिर्फ पटना के 97 डेंगू पीड़ति हैं। पूरे राज्य में इस साल एक जनवरी से 18 अक्टूबर तक डेंगू मरीजों की कुल संख्या 5449 हो गई है। इस साल सिर्फ पटना में ही 2687 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। एक दिन में वैशाली में 12, बेगूसराय में 10, सीवान में 9, मुजफ्फरपुर में 6, गया में 6, जहानाबाद में 5, पूर्वी चंपारण में 5, मुंगेर में 4 डेंगू पीड़ति मिले हैं। सारण, समस्तीपुर, नालंदा, दरभंगा और भोजपुर में डेंगू के तीन-तीन नए मरीज मिले हैं। इस साल डेंगू से 14 लोगों की मौत हो गई है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने बांका निवासी एक युवक की गोली मारकर की हत्या,कैथा गांव में मचा कोहराम

- **दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

**बांका:** शनिवार की सुबह जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम एरिया में आतंकवादियों ने जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की गोली मारकर कर दी है। टारगेट किलिंग की इस घटना से युवक के कैथा गांव में कोहराम मच गया है। मृतक स्व. कुलदीप चौहान का 30 वर्षीय पुत्र अशोक चौहान है। अशोक चौहान की मौत की खबर परिवार के सदस्यों को मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद मृतक के भाई वरुण चौहान ने इसकी जानकारी अपने घर के सदस्यों को दी। जिसके बाद से ही अशोक चौहान की पत्नी और बहन



रूकमणी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है। बता दें कि युवक जम्मू- कश्मीर के अनंतनाग जिले में मकई बेचता था। आतंकियों ने शोपियां जिले में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। आतंकियों को शक था कि युवक जासूस है। परिजनों ने बताया की अशोक चौहान की शादी वर्ष 2016 में भागलपुर जिले के बलिया गांव की प्रीति देवी से हुई थी। उसको दो बेटा और दो बेटी हैं। घर की माली हालत देखकर अशोक अपने भाई वरुण चौहान के साथ जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम एरिया में मकई बिक्री करता था। अशोक चौहान के साथी ने बताया कि वह किराये के अपने कमरे से सुबह सात बजे निकला था। करीब एक घंटे तक दोनों साथ थे। साथी ने बताया कि जब वो मक्के की कटाई कर रहा था। तभी उसे एक फोन आया।

# युवक की चाकू मारकर हत्या, पुलिस ने शव किया बरामद

**दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह**

**चांदन/बांका:-** थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई , घटना शनिवार देर शाम कि बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चान्दन थाना क्षेत्र के पाण्डेयडीह-कोरिया सड़क स्थित आरपत्थर के समीप एक 22 वर्षीय युवक मुकेश यादव की चाकू से हत्या की घटना सामने आई है। मृतक की पहचान सिलजोरी पंचायत के बियाही मोड़ निवासी मुकेश यादव पिता खिल्ली यादव के रूप में हुई है। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश यादव बीते दिन बुधवार को कोरिया गांव स्थित अपने नाना ईश्वर यादव के घर गया था। और शनिवार की दोपहर करीब एक बजे किसी ने उसे फोन कर बुलाया था। तभी शाम करीब 5 बजे झाझा गांव (नैयाडीह) टोला के कुछ चरवाहे कि नजर उस पड़ी जहां वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद चरवाहे ने इसकी सूचना गाँव वालों को दी। सुचना मिलते ही गांव लोग इकट्ठा होकर चान्दन थानाध्यक्ष जानकारी दी गई। सुचना मिलते ही चांदन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर



घटना की जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है। जांचोपरांत विधिवत कार्रवाई कि जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है,आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी:विष्णु देव कुमार,थाना अध्यक्ष,चांदन

मृत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया। जबकि इस संदर्भ में चांदन थाना अध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया घटना की जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है। जांचोपरांत विधिवत कार्रवाई कि जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है,आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि मृतक पहले भी हत्या के मामले में जेल गया था जो जमानत पर था। वहीं इस घटना के मामले में तरह तरह कि चर्चा होने लगी है बताया जा रहा है कि पुलिस की रिश्वत खोरी से लोगों का भय समाप्त हो गया है। शराबबंदी और अवैध बालू उत्खनन मामले में पुलिस के लिए शोभा की वस्तु बनी हुई है जो चिंता का विषय बना हुआ है।

# पंचांग पूजन,मण्डप प्रवेश व अग्नि प्रकट के साथ हवन प्रारंभ



- **दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

भेल्दी सराय बक्स स्थित श्रीधर बाबा के मठिया पर विराट विष्णु महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन शुक्रवार को आचार्य श्याम सुंदर पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश ,काष्ठ के लड़की से अग्नि प्रकट की गई तथा हवन प्रारंभ हुई। मौके पर संत श्रीधर दास जी महाराज ने कहा कि ईश्वरीय कृपा के फल स्वरुप महायज्ञ का आयोजन होता है।मौके पर मुख्य यजमान मुखिया आरती देवी,मदन सिंह,रवि सिंह,रणजीत सिंह,श्रीलाल साह,दशरथ राय,सुनील राय सहित सभी ग्रामीण उपस्थित थे ।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सराय बक्स में 35 वर्षों बाद दूसरी बार विराट विष्णु महायज्ञ तथा पूज्य गुरुदेव श्रीधर बाबा के कर कमलों द्वारा 97 वाँ महायज्ञ आयोजन हो रही है। हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा हेतु अन्नाधिवास कराया गया। 22 अक्टूबर को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

**खगड़िया।** जिले में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा आगामी 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। सत्र 2024-26 के कक्षा छह में दाखिला के लिए ऑनलाइन आवेदन गत 16 सितंबर तक लिया गया था।

# अंतरजिला गिरोह के 05 अपराधकर्मियों को अवैध आग्नेयास्त्र एवं एक कार के साथ किया गया गिरफ्तार


• प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी हर किशोर राय


• बरामद हथियार

• दैनिक बिहार पत्रिका/वैशाली

शुक्रवार की शाम वैशाली जिले के पातेपुर थाना के पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि महुआ-ताजपुर रोड पर एक उजला रंग के चार पहिया वाहन में 04-05 अपराधकर्मी घूम रहे हैं। जो किसी बड़े घटना का अंजाम दे सकते हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पातेपुर थाना के पुलिस द्वारा बरडीहा स्थित ढकही शिव मंदिर के नजदीक चेकिंग लगाया गया,तभी एक चार पहिया वाहन पुलिस बल को देखकर कुछ दूर पहले ही गाड़ी रोककर,बैठे सभी व्यक्ति गाड़ी से उतरकर भागने का कोशिश करने लगा जिसे साथ के सशस्त्र बलों के सहयोग से भागते हुए 05 व्यक्तियों (1-अमरेश कुमार, 2-लालबाबू पटेल, 3-राजन कुमार, 4-कुणाल कुमार, 5-शिवम कुमार) को पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्तियों से तलाशी के दौरान अमरेश कुमार के पास कमर में खोसा हुआ एक लोडेड देशी कट्टा एवम लालबाबू पटेल के कमर में खोसा हुआ एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया एवं बरामद कार की जब तलाशी ली गई तो उसमें लोहा का बना एक पंच एवं शटर का लॉक तोड़ने वाला लोहा का चाभी बरामद हुआ। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मी अंतरजिला लूट व डकैती गिरोह के सदस्य हैं जो पातेपुर थाना क्षेत्र में कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घूम रहे थे। वहीं वैशाली पुलिस टीम की प्रिवेंटिव पुलिसिंग के तहत उक्त अपराधकर्मियों को घटना करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया हैं। इस सन्दर्भ में पातेपुर थाना कांड संख्या-321/24, दिनांक-19.10.2024,धारा-310(4)/310(5) BNS एवं 25(1-बि) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार सभी अपराधकर्मीयों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। वहीं गिरफ्तार सभी अपराधकर्मीयों की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के देवरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी अरुण राय के पुत्र अमरेश कुमार, सरैया थाना क्षेत्र के बसईठा निवासी सुरेश पटेल के पुत्र लालबाबू पटेल, देवरिया थाना क्षेत्र के धड़फरी निवासी रमेश सहनी के पुत्र राजन कुमार, देवरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी जितेंद्र राय के पुत्र कुणाल कुमार एवं देवरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी जयलाल महतो के पुत्र शिवम् कुमार के रूप में की गई हैं।

उक्त बातें वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया। वही सभी अपराधकर्मी मुजफ्फरपुर जिला के बताया गया हैं। वही गिरफ्तार अपराधकर्मी का पूर्व से भी कई अपराधिक इतिहास हैं।

# समाहरणालय में हुआ जिला विकास समन्वय समिति की बैठक का आयोजन

• दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार

**वैशाली**|जिला पदाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा के निदेशानुसार जिला विकास समन्वय समिति का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया जिसमें सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। यह बैठक जिले में चल रहे विकास कार्यों में अंतर कार्यालय सहयोग एवं समन्वय के उद्देश्य से किया जाता है ताकि विकास कार्यों में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण आपस में बैठकर किया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता वैशाली के द्वारा अनुपस्थित पदाधिकारियों से नही आने का कारण तथा उपस्थित पदाधिकारियों को अपने कार्यालय का प्रतिवेदन प्रत्येक माह के पांच तारीख को भेजने का निदेश दिया गया। बैठक में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

# नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया फीता कट कर उद्घाटन



• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बौंसी/बांका:-** बौंसी नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं 19 में आजाद क्रिकेट क्लब की ओर से नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती ने शनिवार को फीता कट कर किया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती ने सभी खेल प्रेमियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नवनीत कुमार विनीत, अजय साह, विनीत पंजीयारा, गुलशन सिंह, दीपक रजक, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, सूरज सेम, समाजसेवी संतोष कुमार साह, अमरेश यादव, रमेश यादव एवं सभी खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# बच्चों कि थाली से गायब पोष्टिक अंडा व फल

• दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह





**चांदन/बांका:-** एक तरफ जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के स्कूलों में मीड डे मील कि गुणवत्ता पर जांच चल रही है। वहीं दूसरी ओर बांका जिले की चांदन प्रखंड के एक विद्यालय में शिक्षकों कि मनमानी करने की सूचना पर खबर संकलन करने गए पत्रकार के उपर ही पदस्थापित बीपीएससी कि शिक्षिका ने विद्यालय में प्रवेश नहीं करने का पाठ पढ़ाने लगी। मामला शुक्रवार 18 अक्टूबर का है। बताया जा रहा है कि चांदन प्रखंड के उत्तरी बारने पंचायत अवस्थित प्राथमिक विद्यालय मथुरा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश कुमार सहित एक बीपीएससी कि शिक्षिका कविता कुमारी एवं एक सहायक शिक्षक है। जहां बच्चों को पठन-पाठन में अनियमितता बरती जाती है। साथ ही साथ मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता विहीन बच्चों को परोसा जा रहा था। जिसकी जानकारी स्थानीय इंडियन मानवाधिकार आयोग के पंचायत सचिव सुशील सोरेन ने एक स्थानीय पत्रकार को दी। जिसके आलोक में एक पत्रकार शुक्रवार समय करीब पुर्वाहण 1:30 प्राथमिक विद्यालय मथुरा परिसर पहुंचकर बच्चों से मध्यान्ह भोजन कि जानकारी लेते ही, विद्यालय के प्रभार सह बीपीएससी शिक्षिका कविता कुमारी के बीच नोंक झोंक होने लगी, शिक्षिका कविता कुमारी कहने लगी कि पत्रकार को बिना अनुमति विद्यालय में प्रवेश करना विभागीय आदेश के विपरित है। इसलिए आप बच्चों से कोई सवाल नही पुछ सकते हैं। बच्चों को खाना क्या खिलाना या नहीं खिलाना है मेरे विभाग कि जिम्मेदारी है। इतना ही नहीं शिक्षिका कविता कुमारी ने निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव शिक्षा विभाग बिहार द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को जारी नोटिस के आड़ में पत्रकार को दरकिनार करते हुए बच्चों के साथ भेद-भाव करने का मामला सामने देखी गई। जबकि शिक्षा विभाग द्वारा जारी नोटिस में साफ साफ अंकित किया गया है कि, विद्यालय के केवल प्रधान ही प्रेस ब्रीफिंग के लिए अधिकृत होंगे। इसमें यह भी लिखा गया है कि, विद्यालय में हो रहे पठन-पाठन में किसी भी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अनाधिकार विद्यालय में प्रवेश होकर शैक्षणिक व्यवधान उत्पन्न ना करें। जिससे छात्र छात्रा एवं शिक्षकों को सुरक्षा के साथ-साथ कई अन्य प्रकार कि समस्या का सामना करना पड़े। जबकि विद्यालय के बच्चों से पुछे जाने पर बताया कि विद्यालय में मध्यान्ह भोजन में शुक्रवार को सिर्फ चावल और चना एवं आलू मिश्रित सब्जी परोसा गया था। वहीं पत्रकार के हस्तक्षेप पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश कुमार ने बच्चों को छुट्टी देने से पहले सभी को एक केला वितरण कर फोटो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भेज कर मामला रफा-दफा कर दिया। उपरोक्त विषय पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि अंडा या फल नहीं मिलने कि शिकायत का जांच पड़ताल कि जा रही है, फिलहाल उक्त मामले को रफा-दफा कर दिया जाए। इस मौके पर इंडियन मानवाधिकार के उत्तरी बारने पंचायत सचिव सुशील सोरेन,उप मुखिया मनोज यादव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



• दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

**चांदन/बांका:-** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देश पर लगातार विभिन्न केस के मामले फरार चल रहे अभियुक्तों को धड़ पकड़ अभियान के तहत आनन्दपुर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार के नेतृत्व में ए एस आई नन्द किशोर कुमार आदि पुलिस बल ने गुप्त सूचना के आधार कोर्ट द्वारा निर्गत ए बी डब्ल्यू तीन अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी कि पहचान आनन्दपुर थाना क्षेत्र के सतभैया गांव निवासी किसुन राय पिता स्वर्गीय शिबू राय व शिवचरण राय पिता नवल राय एवं कनौदी गांव निवासी मदारन मियां पिता स्वर्गीय हदीस मियां के रूप में की गई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया कि बांका कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर तीनों अभियुक्त को विधिवत कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस अभिरक्षा में बांका न्यायालय भेज दिया।

# 19 वर्षीय युवती की हत्या मामले में, पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

• दैनिक बिहार पत्रिका/अमित कुमार शर्मा



**बौंसी/बांका:-**थाना क्षेत्र के कुशियारी गांव स्थित मसूदना टिकर में 14 अक्टूबर को 19 वर्षीय युवती की लाश को पुलिस ने दुपट्टे के सहारे लटकती हुई व्यवस्था में बन कटहल के पेड़ से बरामद किया था। जिसमें पुलिस ने उद्भेदन करते हुए युवती की हत्या की बात कही है। मामले में कुशियारी गांव मसूदना टिकर के ही ऑटो चालक सूसन यादव के पुत्र पांचू यादव एवं अजय मांझी के ऑटो चालक पुत्र भोला मांझी के द्वारा दुष्कर्म करने के बाद दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या करने की बात प्रकाश में सामने आई है। सीआई थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्या करने के बाद साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से युवती के शव को पेड़ से लटका कर आत्महत्या का अमली जामा पहनाया गया था। घटना के बाद दोनों अभियुक्त फरार हो गया था। भोला मांझी के पुत्र अजय मांझी को भलजोर चेक पोस्ट पर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया।जबकि सुसन यादव के पुत्र ऑटो चालक पांचू यादव को मसूदना टीकर से पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। मामले में दोनों अभियुक्त के द्वारा दुष्कर्म करने के बाद युवती का वीडियो भी बना लिया गया था। पुलिस ने टीम गठित कर दोनों हत्या एवं दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालूम हो की 14 अक्टूबर शाम को शीला कुमारी अपने घर से शौच करने के लिये निकली थी। इसी क्रम में दो युवक ने दुष्कर्म करने के बाद युवती को मौत के घाट उतार दिया था। मामले में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बौंसी अर्चना कुमारी एवं बांका से आई एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की गई थी।

# राइस मिल का किया गया निरीक्षण

• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिलान्तर्गत चावल मिलों के भौतिक सत्यापन हेतु अंकित कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, बांका एवं जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, बांका द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार के निर्देश पर चांदन प्रखंड के बिरनिया राइस मिल का निरीक्षण किया गया तथा धान अधिप्राप्ति 2024-25 हेतु मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। ताकि किसानों के द्वारा लिए गए धान को नियमानुसार कुटाई कर सीएमआर तैयार कर पी डी एस के माध्यम से गुणवत्ता युक्त चावल पहुंचाया जा सके।

# वरीय उप समाहर्ता द्वारा एप्प के माध्यम से सड़कों की कि गयी जाँच



• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** बांका जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बांका 01 एवं 02 के ग्रामीण पथों का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण की तिथि से अगले पांच वर्षों तक पथों के सामान्य रखरखाव अनुरक्षण का प्रावधान एकरारनामा में निहित होता है। अपर मुख्य सचिव, ग्रामीणकार्य विभाग के के पत्र के आलोक में इन पथों का एक बी आर आर एम एस एप्प के माध्यम से जाँच कराने का निदेश प्राप्त है। तदनुसार ग्रामीण पथों के अनुरक्षण की जाँच हेतु सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी को निदेशित किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को अमित कुमार वरीय उप समाहर्ता द्वारा सड़कों की जाँच एप्प के माध्यम से किया गया।

# जिलाधिकारी ने क्वार्टर के निर्माण कार्य का लिया जायजा



• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** समाहरणालय एवं अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मचारी के अवसान हेतु ए बी सी डी टाइप क्वार्टर का निर्माण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण शनिवार को जिला पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बांका द्वारा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्य को निर्माण कराकर ससमय हस्तांतरण किया जाए। साथ ही गुणवत्ता पूर्वक ससमय पूर्ण कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# ए0 डि0 आई0 पी0 एवं आर0वी0वाई0 अन्तर्गत निःशुल्क पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर का किया जाएगा आयोजन

• दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** भारत सरकार की ए० डि० आई० पी० योजनान्तर्गत एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना आर०वी०वाई० अन्तर्गत जिले के सभी प्रखंडों में निःशुल्क पंजीकरण एवं परीक्षण कर उनको उचित सहायक उपकरण उपलब्ध कराने एवं विगत वर्षों में वितरित सहायक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा स्थानीय स्तर पर देने हेतु बाँका जिला अन्तर्गत सभी प्रखंडों में दो दिनों का पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर आयोजन के लिए प्रखंडवार शिविर का निर्धारण किया गया है। बाँका, प्रखंड परिसर में 22.10.2024 एवं 23.10.2024 को , अमरपुर प्रखंड परिसर में 25.10.2024 एवं 26.10.2024 को, फुल्लीडुमर प्रखंड परिसर में 28.10.2024 एवं 29.10.2024 को, शंभुगंज प्रखंड परिसर में 12.11.2024 एवं 13.11.2024 को , बेलहर प्रखंड परिसर में 15.11.2024 एवं 16.11.2024 को, कटोरिया प्रखंड परिसर में 19.11.2024 एवं 20.11.2024 को, चांदन प्रखंड परिसर में 22.11.2024 एवं 23.11.2024 को बौंसी प्रखंड परिसर में 25.11.2024 एवं 26.11.2024 को , बाराहाट प्रखंड परिसर में 29.11.2024 एवं 30.11.2024 को, रजौन प्रखंड परिसर में 02.12.2024 एवं 03.12.2024 को एवं धोरैया प्रखंड परिसर 06.12.2024 एवं 07.12.2024 को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# विधानसभा उप-चुनाव के लिए जन सुराज के उम्मीदवारों की घोषणा, इमामगंज से डॉक्टर जितेंद्र पासवान और बेलागंज से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन लड़ेंगे चुनाव

• दैनिक बिहार पत्रिका/धीरज

**गया।** बिहार में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उप-चुनाव के लिए जन सुराज ने सबसे पहले तरारी से अपने उम्मीदवार की घोषणा की थी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जन सुराज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ आम सहमति बनाने के बाद आज गया जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिले की दोनों विधानसभा सीटों बेलागंज और इमामगंज से उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।जन सुराज ने बेलागंज से मिर्जा गालिब कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर खिलाफत हुसैन और इमामगंज से डॉ. जितेंद्र पासवान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। प्रशांत किशोर ने दोनों उम्मीदवारों का परिचय देते हुए कहा कि प्रोफेसर खिलाफत हुसैन मिर्जा ग़ालिब





कॉलेज में गणित विभाग के मिर्ज़ा ग़ालिब कॉलेज में गणित के लेक्चरर 1976-2002, आज़ाद हाई स्कूल, चाकंद गया के गणित के शिक्षक 1972 - 76 रह चुके हैं। जबकि डॉ. जितेंद्र पासवान ने अपने पेशे के जरिए हमेशा इमामगंज की जनता का न्यूनतम शुल्क में बेहतर इलाज के लिए विख्यात ,कोविड- 19 के दौरान शेरघाटी अनुमंडल के अंतर्गत मुफ्त चिकित्सा सेवा,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ,पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि करके जनता की सेवा करते आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने जन सुराज के उम्मीदवार के चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जन सुराज मजबूत लोगों को नहीं चुनता, जन सुराज सही लोगों का चयन करता है। जन सुराज योग्यता के साथ-साथ स्वच्छ छवि वाले, जनता के बीच रहे और बिहार को बेहतर बनाने का संकल्प रखने वाले लोगों को अपना उम्मीदवार बनाता है। उम्मीदवार का चयन अन्य पार्टियों की तरह पैसे लेकर या पटना के एक कमरे में बैठकर नहीं किया जाता है और न ही पारिवारिक पार्टियों की तरह सिर्फ नेताओं के बच्चों को मौका दिया जाएगा।

# उत्पाद विभाग की गाड़ी से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत,एक ही हालत नाजुक

• दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति को अपनी गाड़ी से कुचल दिया, जबकि दूसरा गंभीर स्थिति में रेफर किया गया। मृत व्यक्ति की पहचान सोनपुर थाना क्षेत्र के बबूरबानी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश राय के पुत्र संजीत कुमार राय उर्फ मसाहा के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान बबुरबानी गांव निवासी उसके मित्र भूषण राय के रूप में की गई है जो की अदालत राय का पुत्र है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक शराब कारोबारी था, जिसे पकड़ने के लिए पीछा करने के दौरान उत्पाद विभाग पुलिस की गाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई । घटना सोनपुर थाना क्षेत्र के दुधैला मोड़, भिनिक टोला गैस एजेंसी के समीप की है।इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर करीब एक घंटे तक जमकर प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

# मगध विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय चांसलर ट्रॉफी कब्बडी पुरुष का बना विजेता



• दैनिक बिहार पत्रिका/गया

**गया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया अन्तर विश्वविद्यालय चांसलर ट्रॉफी कब्बडी पुरुष का फाइनल मुकाबला पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में ललित नारायण मिथिला विश्विद्यालय के बीच मगध विश्वविद्यालय बोधगया से हुआ है ।जिसमें मगध विश्वविद्यालय ने 44- 23 से जीत दर्ज कर अपने विश्विद्यालय का नाम रौशन किया है। लगातार अच्छा प्रदर्शन कर शुरुआत से ही जीत दिलाते हुए अपना स्थान सुरक्षित किया है। राजभवन,बिहार द्वारा आयोजित चांसलर ट्रॉफी अन्तर विश्वविद्यालय जो 15.10 से 19.10. तक आयोजित हुई जिसमें बिहार के सभी विश्विद्यालय ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही ने कहा कि चांसलर कब्बडी ट्रॉफी बिहार के युवाओं को खेल के प्रति अभिप्रेरण और उत्कृष्टता प्रदर्शन के लिए मील का पत्थर साबित होगा।राज्य में एक नई खेल संस्कृति विकसित हो रही है और मगध विश्वविद्यालय में प्रत्येक खेल विद्या के लिए आदर्श माहौल और उम्दा प्रशिक्षण की व्यवस्था करना मेरी पहली प्राथमिकता है। राज्यपाल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा आपका नेतृत्व और समर्थन, राज्य में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने में सहायक है और सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दीं है।गया कॉलेज गया के प्रधानाचार्य सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि अपने विश्विद्यालय का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और खेलने लिए हर संभव सहयोग दूंगा। खेल कूद निदेशक डॉ बृजेश राय ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। टीम मैनेजर अजनी कुमार के नेतृत्व में टीम को विजय प्राप्त हुआ इसकी शुभकामनाएं दीं है।इस अवसर पर खेल कूद प्रभारी मगध विश्वविद्यालय डॉ सुदर्शन राय आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने जीत की बधाई दी है। खिलाड़ी इस प्रकार हैं पुरुष खिलाड़ी दीपक, सौरभ, अति कुल रहमान, नवनीत, लक्ष्य, रॉबिन, मनीष , सौरभ राज,अक्षय,कपिल,सौरभ आदि। कोच अजित रोहित, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण की निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



• दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण की जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहुत की गई। इस बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 से 2024 तक इस अधिनियम के तहत जिला में कुल 2255 काण्ड दर्ज हुये हैं। इनमें से 1888 मामलों में प्राथमिकी के उपरांत पीड़ित/आश्रित व्यक्ति को प्रथम क़िस्त के मुआवजे का भुगतान किया गया है।इनमें से 411 मामलों में मुआवजे की दूसरी क़िस्त का भी भुगतान किया गया है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 368 पीड़ितों/आश्रितों को 2.02 करोड़ रुपये का मुआवजे का भुगतान किया गया है,साथ ही 49 व्यक्तियों को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। अद्यतन सितंबर 2024 तक के पेंशन का भुगतान किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत दिनांक 19.09.2020 से प्रभावी प्रावधान के तहत किसी भी परिवार के कमाऊ सदस्य की हत्या के मामले में उनके परिभाषित आश्रित को अनुसेवक संवर्ग में सरकारी नौकरी दिया जाना है। जिला में ऐसे छह मामलों में से अबतक दो मामलों में आश्रितों को नौकरी दी गई है। अन्य चार मामलों में आरोप का गठन होने के उपरांत आश्रितों को नौकरी देने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

इस अधिनियम के तहत गवाही के लिये न्यायालय में आने वालों को यात्रा भत्ता देने का प्रावधान किया गया है।ऐसे सभी लोगों को नियमानुसार यात्रा भत्ता का ससमय भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में माननीय विधायक छपरा,विधायक गड़खा,पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, विशेष लोक अभियोजक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भूमि विवाद निवारण को लेकर थाने में जनता दरबार शिविर



• दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

**चांदन/बांका:-** भूमि विवाद निपटारा हेतु जनता दरबार शिविर के तहत शनिवार को चांदन थाना प्रभारी विष्णु देव कुमार व अंचलाधिकारी रविकांत कुमार द्वारा भूमि विवाद से संबंधित पांच मामलों को गंभीरता से जांच पड़ताल चार मामला निष्पादन किया गया, और मामले में प्रतिवादी पार्टी को नोटिस जारी किया गया। वहीं सुइया थाना प्रभारी विशाल कुमार व अंचलाधिकारी रविकांत कुमार द्वारा भूमि विवाद के चार मामले में तीन मामला निष्पादन किया और एक मामले पर नोटिस जारी किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी रविकांत कुमार ने बताया कि जारी नोटिस के आलोक में फरियादी को अगले शनिवार विवाद से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया गया है। इस मौके दर्जनों फरियादी सहित थाना पुलिस बल मौजूद थे।

# सरकार हर क्षेत्र में कर रही है काम : मंत्री

## दर्जनों लोगो ने ली जदयू की सदस्यता

• दैनिक बिहार पत्रिका/विद्यापतिनगर



स्थानीय विधायक एवं सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में लोगो के लिए विकास का काम कर रही है। गांव में सड़क, बिजली, पुल पुलिया से लेकर बाढ़ और सुखार में भी लोंगो को हर संभव सहायता दे रही है। उक्त बाते मंत्री श्री चौधरी ने शनिवार को प्रखंड के चकुमार में पूर्व प्रमुख पति मनीष यादव के घर आयोजित मिलन समारोह एवं कांचा के बहादुर पुर में आयोजित मिलन समारोह में कहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी तबके के लोगो के लिए विकास का काम किया है। जिसका लाभ शहर से लेकर गांव तक के लोगो को मिल रहा है। इस अवसर पर मिलन समारोह में रामलाल महतो उर्फ़ लालो महतो सहित दर्जनों लोगो में नीतीश सरकार और मंत्री विजय कुमार चौधरी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर जदयू में शामिल हुए। जिसे मंत्री ने माला पहनाकर जदयू की सदस्यता दिलायी। उन्होंने कहा कि लोग विकास के साथ अमन चैन की खुशहाल ज़िंदगी जी रहे है जो नीतीश सरकार की देन है। इस अवसर पर मंत्री ने साहिट गांव के मुखिया नमिता देवी के सेवा निवृत भैसूर प्रभाष कुमार सिंह के करंट लगने से हुई मौत से पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया और घटना की जानकारी ली। साथ ही शेरपुर में एम. ए. शबनम के घर पहुंचे, जहां उनके पुत्र मोहम्मद निहाल की शादी समारोह में भाग लिया। मौके पर दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारी शुरू

## 13 से 15 नवम्बर के बीच होगा त्रिदिवसीय आयोजन



• दैनिक बिहार पत्रिका/विद्यापतिनगर

मैथिल कोकिल विद्यापति की निर्वाण भूमि विद्यापतिधाम में कवि विद्यापति की जयंती पर बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन 13 से 15 नवम्बर के बीच होना है। 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव के आयोजन की सुगबुगाहट के बीच कार्यक्रम को लेकर लोगों की नाराज़गी भी मुखर होने लगी है। गत वर्ष के आयोजन में कम बजट के कलाकारों को बुलाने तथा कवि सम्मेलन के नाम पर महज खानापूर्ति किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोग बताते हैं कि शुरूआती वर्षों में इस मंच पर अनुप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, मैथिली ठाकुर, देवी आदि नामचीन कलाकार मंच साझा कर चुके हैं, लेकिन बीते वर्षों में कम बजट के कलाकारों को बुलाने से महोत्सव में श्रोताओं की उपस्थिति लगातार कम होती जा रही है। विदित हो कि मैथिली साहित्य के शिखर के रूप में संपूर्ण विश्व में ख्यातिप्राप्त कवि विद्यापति वैष्णव और शैव दोनों परंपराओं में अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य जगत में अपनी अमिट पहचान बनाई है। इनकी रचनाओं ने न सिर्फ मैथिली साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि भारतीय साहित्य के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। विद्यापति ने मैथिली भाषा को साहित्यिक प्रतिष्ठा दिलाई। विद्यापति की कविता में शृंगार और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने राधा-कृष्ण के प्रेम को इतनी कोमलता और भावुकता से व्यक्त किया कि उनकी रचनाएं आज भी लोगों के दिलों को छू लेती हैं। लेकिन इतने बड़े कवि और साहित्यकार की जयंती पर होने वाले राजकीय महोत्सव में गत ग्यारह वर्षों से राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं किया गया है, जिससे साहित्य प्रेमियों के साथ-साथ आम जनमानस में नाराजगी बनी रहती है। लोगों का कहना है कि इस बार विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होने चाहिए।

# कैम्प आयोजित कर 40 दिव्यांग जनों का बना यूडीआईडी स्वस्थ्य कार्ड




• दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

**चांदन/बांका:-** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन परिसर में शनिवार 19 अक्टूबर को प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार व डॉ शशिकांत कुमार द्वारा प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे दिव्यांग जनों का स्वास्थ्य जांच एवं विकलांग प्रमाण पत्र अवलोकन करते हुए कुल 40 दिव्यांग का यूडीआईडी कार्ड बनवाना गया। इस संदर्भ में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के न्यू पदस्थापित प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान करता है। इससे दिव्यांग व्यक्ति की पहचान आसान हो जाती है और यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें सही तरह की सहायता और सहयोग मिले। सुलभता: यूडीआईडी कार्ड में व्यक्ति की विकलांगता के प्रकार और स्तर के बारे में जानकारी होती है।

## खगड़िया में होगा सांसद पप्पू यादव का सम्मान समारोह

# शारदा फार्म हाउस में जिलेवासियों के द्वारा पूर्णियां सांसद का होगा स्वागत

• दैनिक बिहार पत्रिका/खगड़िया



आगामी 27 अक्टूबर को मां कात्यायनी, अमर शहीद प्रभूनारायण धन्ना-माधव और महादानी अवध बिहारी और श्यामलाल की धरती पर देश के लोकप्रिय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी का खगड़ियावासियों के द्वारा ऐतिहासिक सम्मान समारोह में भव्य स्वागत किया जाएगा। उक्त बातें युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने सैनिक होटल के प्रांगण में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकार को संबोधित करते हुए कहा। श्री त्यागी ने कहा कि खगड़िया में विगत 22 सितंबर को जनप्रिय सांसद पप्पू यादव का सम्मान समारोह होना था लेकिन सांसद पप्पू यादव के पिता जी के अचानक निधन होने के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। अब जिलेवासियों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सांसद पप्पू यादव का स्वागत 27 अक्टूबर को बछौता स्थित शारदा फार्म हाउस के सभाकक्ष में भव्य रुप से किया जाएगा। उक्त स्वागत समारोह में जिले के किसान मजदूर शिक्षक के साथ साथ आमजन की महती भागीदारी होगी। पत्रकार को संबोधित करते हुए श्री त्यागी ने कहा कि सांसद पप्पू यादव जी का हमेशा खगड़िया से काफी जुड़ाव रहा है। जिले के हर आपदा-विपदा में सांसद पप्पू यादव तन मन धन से सहयोग करने का काम किये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जननेता के सम्मान समारोह की तैयारी में खगड़ियावासी मुस्तैदी से जूटे हुए हैं। 27 अक्टूबर को सांसद पप्पू यादव को ऐतिहासिक स्वागत समारोह होगा। प्रेस वार्ता में मुखिया कृष्णा नन्द यादव, शशिभूषण कुमार सिंह, युवा शक्ति के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, युवा शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार यादव, अमरेश कुमार सिंह, कविरंजन कुमार यादव, युवा शक्ति के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार यादव, ग्रीस रंजन, मणिचंद कुमार, देवराज आनंद, अमृत रंजन, दारा सिंह आदि उपस्थित थे।



# प्रियंका चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड में पूरा किया अपना बॉलीवुड सपना

प्रियंका चोपड़ा जोनस की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में होती है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर साझा किया और बताया कि उन्होंने बर्फ में रोमांटिक तरीके से घूमने का अपना बॉलीवुड सपना पूरा किया है। हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया। जिसे देखकर प्रशंसक वाह! कर उठे। साझा की गई क्लिप में वह बर्फ से ढकी जमीन पर खुशी से घूमते हुए देखा जा सकता है, जबकि बर्फबारी उनके वीडियो को सुंदर और सपने की तरह बना रही है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'क्रेन्स मोंटाना, एल्प्स, स्विट्जरलैंड में अपने बॉलीवुड सपनों को साकार करते हुए।'

प्रियंका चोपड़ा उन बॉलीवुड सितारों में से हैं, जिन्होंने अपनी सुंदरता और अभिनय के दम पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक समय था जब उनके बाल लड़कों जैसे थे और वह टॉमबॉय थीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने पुरानी यादें ताजा की और अपने पुराने दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए ग्रूमिंग चमत्कार कर सकती है। अपनी युवावस्था की एक तस्वीर और 2000 में मिस इंडिया जीतने के समय की अपनी 17 वर्षीय तस्वीर साझा करते हुए, उन्होंने एक लंबी पोस्ट लिखी।

### प्रियंका चोपड़ा का वर्क फ्रंट

प्रियंका चोपड़ा अक्सर भारत आती दौरे पर आती रहती हैं। हाल ही में वह अपनी बेटी मालती मैरी के साथ मुंबई आई थीं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात की जाए तो वह 'हेड्स ऑफ स्टेट' और उसके बाद 'द ब्लफ' में नजर आएंगी।



# विद्या बालन से लेकर करीना कपूर तक, भूत का किरदार निभा चुकी हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई अलग-अलग विषयों पर बनी फिल्में प्रशंसकों को देखने के लिए मिलती हैं। इसके साथ ही हॉरर फिल्मों का भी काफी बोलबाला होता है। प्रशंसक अपनी पसंदीदा अभिनेत्रियों को भूत या चुड़ैल के रूप में देखकर भी काफी उत्साहित होते हैं। इस दिवाली बॉक्स ऑफिस पर फिल्म भूल भुलैया 3 रिलीज होने वाली हैं। फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित को भूतनी के रूप में दिखाया गया है। इन अभिनेत्रियों के अलावा भी बॉलीवुड की कई ग्लैमरस अभिनेत्रियां ऐसे ही डरावने किरदार निभा चुकी हैं।

### बिपाशा बसु



अभिनेत्री बिपाशा बसु बड़े पर्दे पर जितने बोल्ड अवतार में नजर आईं उतने ही डरावने किरदार भी निभा चुकी हैं। बिपाशा को साल 2015 में आई फिल्म अलोन में चुड़ैल के लुक में देखा गया था। बिपाशा ने अपने भूतीया अंदाज से दर्शकों को हरा दिया था।

### ईशा कोप्पिकर




अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर को उनकी मासूमियत के लिए लोग काफी पसंद करते हैं। ईशा फिल्मों में भूतनी का किरदार भी निभा चुकी हैं। उन्हें साल 2004 में आई फिल्म कृष्णा कॉटेज में डरावने किरदार में देखा गया था। इस किरदार के कारण ईशा सुर्खियों में रही थीं।


### करीना कपूर

अभिनेत्री करीना कपूर को तलाश फिल्म में एक भूतनी का किरदार निभाते देखा गया था। करीना कपूर खान के साथ इस फिल्म में रानी मुखर्जी और आमिर खान नजर आए थे। इस फिल्म में करीना ने अपने भूतियां अंदाज से काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

### अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को परी फिल्म में भूतनी के किरदार में देखा गया था। साल 2018 में आई फिल्म में अनुष्का अपने चुड़ैल के किरदार के कारण चर्चा में रही थीं। अपनी इस फिल्म के कारण अनुष्का काफी समय तक चर्चा में रही थीं।





# अरबाज खान-मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान जल्द करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू?

**बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने अपने बेटे अरहान खान के बॉलीवुड इंडस्ट्री में भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि अरहान अभी भी युवा है और अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दे रहे हैं। इसके साथ ही अरबाज ने इस बात से भी पर्दा उठाया कि कब उनके बेटे अहरान बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ सकते हैं।**

### अरहान को लेकर अरबाज का नजरिया

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अरबाज ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उनके बेटे अरहान को अभिनय में उतरने के लिए कम से कम एक या दो साल का समय और लगेगा। अरबाज ने कहा, मुझे यकीन है कि वह किसी और क्षेत्र में कदम रखने से पहले एक अभिनेता के रूप में उभरेगा।


### खुद को सख्त मां मानती हैं मलाइका

मलाइका अरोड़ा और उनके बेटे अरहान के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। मलाइका ने बेटे अरहान के साथ अपनी पेरेंटिंग को लेकर बताया था कि वह एक सख्त लेकिन दयालु मां हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा था कि वह एक मां और एक दोस्त होने के बीच संतुलन बनाए रखने में विश्वास करती हैं। आगे मलाइका ने खुद को मजेदार और शांत स्वभाव वाली महिला बताया, लेकिन यह भी साफ किया कि वह एक अभिभावक के रूप में अपनी भूमिका के बारे में गंभीर हैं।

### अरबाज और अरहान में क्या है समानता

अरहान खान ने अपने टॉक शो दम बिरयानी के दौरान अपनी मां मलाइका से पूछा था कि वह अपने बेटे की अपने पिता अरबाज खान से समानता के बारे में क्या राय रखती हैं। दरअसल, अरहान ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि उन्हें अपने पिता से कौन सी खूबियां विरासत में मिली हैं, जिनकी वह सराहना करती हैं या जिन्हें वह चुनौतीपूर्ण मानती हैं। इस पर मलाइका ने कहा कि अरहान के हाव-भाव अरबाज से मिलते-जुलते हैं, उन्होंने उनके व्यवहार में कई समानताओं की ओर इशारा किया, जैसे कि अपने कान और सिर खुजलाना। उन्होंने यह भी बताया कि अरहान में अपने पिता की तरह निष्पक्षता और निर्णय में स्पष्टता है, जो अरबाज के व्यक्तित्व को परिभाषित करते हैं। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान 2017 में तलाक से पहले 19 साल तक शादीशुदा थे। अलग होने के बाद, अरबाज ने पिछले साल मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की, जबकि मलाइका अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में थीं, जो अब खत्म हो गया।

# कातिल की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं।

### किरदार पर विश्वास दिलाना चाहते हैं किंग खान

हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना।

अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है।

### खलनायक की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख

शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में, उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाने की भी इच्छा जताई, उनका मानना है कि उनके पास भूमिका के लिए एक नया दृष्टिकोण है। पिछले साल एक्शन सीक्वेंस के साथ प्रयोग करने के बाद, अब वह एक हत्यारे की भूमिका निभाना चाहते हैं। हर दिन उनके मन में नए विचार आते हैं, जिन्हें वह निभाना चाहते हैं।



# दलपति 69 में इस किरदार में नजर आएंगे विजय!

साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म दलपति 69 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही हैं। दर्शकों को फिल्म से जुड़ी जानकारियों का बेसब्री से इंतजार है। निर्माताओं ने एक-एक कर फिल्म के कलाकारों के नाम से पर्दा उठा दिया है और हाल ही में मुहूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अभिनेता फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि सुपरस्टार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलपति विजय अभिनीत इस फिल्म में वह एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे और इसकी अगली शूटिंग इस महीने अभिनेता-राजनेता द्वारा अपनी पार्टी की पहली कॉन्फ्रेंस मीट आयोजित करने के बाद होगी। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे। हाल ही में एक पूजा समारोह के बाद आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, इसलिए यह काफी चर्चा में है, क्योंकि यह अभिनेता की आखिरी फिल्म है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। दलपति 69 के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। कुछ हफ्ते पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था, जिसमें एक हाथ में जलती हुई मशाल थी। इसके अलावा, निर्माताओं ने फिल्म के मुख्य कलाकारों का भी खुलासा किया था, जिसमें बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, प्रेमलु से ममिता बैजू, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और नारायण प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म पूजा हेगड़े की विजय के साथ मुख्य भूमिका में दूसरी बार काम करने वाली फिल्म भी होगी, इससे पहले उन्होंने बीस्ट में भी काम किया था। आखिरी बार विजय वेंकट प्रभु निर्देशित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम उर्फ द गोट में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आए थे । इस एक्शन से भरपूर पारिवारिक ड्रामा में विजय ने दोहरी भूमिका निभाई थी, जिसमें वह एक पिता और एक बेटे दोनों की भूमिका निभा रहे थे। इसके अलावा फिल्म में एक पोस्ट-क्रेडिट सीन भी शामिल है, जो द गोट बनाम ओजी शीर्षक के साथ संभावित सीक्वल की ओर इशारा करता है, हालांकि यह अभी भी साफ नहीं है कि यह सीक्वल वास्तव में बनाया जाएगा या नहीं।

# हॉलीवुड जाने की तैयारी में विजय वर्मा



बॉलीवुड फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर विजय वर्मा अब लीड हीरोज में गिने जाते हैं। विजय वर्मा ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों और सीरीज में काम किया है। विजय वर्मा हाल ही में डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की नेटफ्लिक्स सीरीज IC-814 कंधार हाईजैक में अहम किरदार में नजर आए थे। अब विजय वर्मा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड का भी सपना देख रहे हैं। विजय वर्मा ने हाल ही में अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलासा किया है। विजय वर्मा ने वैराइटी मैग्जीन से बात करते हुए बताया, हॉलीवुड में जाने का ये सबसे बढ़िया समय है। अब सिनेमा में कलरब्लाइंड कास्टिंग होने लगी है। इसके कारण मौके काफी बढ़ गए हैं। इंटरनेशन मेकर्स भी बॉलीवुड के कलाकारों को मौका दे रहे हैं। मेरी कुछ मेकर्स से बात चल रही है। अगले साल की शुरुआत में मैं उम्मीद कर रहा हूं कि कुछ काम का मौका बन सकता है। लेकिन अभी मैं अपने पुराने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हूं। विजय वर्मा ने अपने करियर की शुरुआत छोटे किरदारों से की थी। महज चंद सालों में विजय वर्मा ने बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाशी है। साल 2010 में विजय वर्मा ने फ्लाइंग हाई नाम के प्रोजेक्ट्स से अपने करियर की शुरुआ की थी। इससे पहले कुछ यूट्यूब सीरीज और शॉर्ट फिल्मों में काम कर चुके थे। साल 2019 में आई सुपरहिट फिल्म गली बॉय में भी विजय वर्मा ने अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीता था। यहीं से विजय वर्मा स्टार बने थे। अब विजय वर्मा अपने हॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में जुट गए हैं।

करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और राजस्थान का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है।



# करवा चौथ

## प्यार-विश्वास का त्योहार

ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बडी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी की तरह दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

**व्रत** – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करक चतुर्थी (करवा-चौथ) व्रत करने का विधान है। इस व्रत की विशेषता यह है कि केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। जो सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे यह व्रत रखती हैं।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियाँ आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। अतः सुहागिन स्त्रियाँ अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करें।

**व्रत की विधि** – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है, उस दिन प्रातः स्नान करके अपने सुहाग (पति) की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें।

**पूजन** – उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। पूजन करने के लिए बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी बनाकर उपरोक्त वर्णित सभी देवों को स्थापित करें।

**नैवेद्य** – शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर मोदक (लड्डू) नैवेद्य हेतु बनाएँ।

**करवा** – काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के करवे अथवा तांबे के बने हुए करवे।

**संख्या** – 10 अथवा 13 करवे अपनी सामर्थ्य अनुसार रखें।

**पूजन विधि** – बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाड़ा बाँधकर देवता की भावना करके स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें।

**पूजन हेतु निम्न मंत्र बोलें** – ओम शिवायै नमः से पार्वती का, ओम नमः शिवाय से शिव का, ओम षण्मुखाय नमः से स्वामी कार्तिकेय का, ओम गणेशाय नमः से गणेश का तथा ओम सोमाय नमः से चंद्रमा का पूजन करें।

करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएँ। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। पति की माता (अर्थात अपनी सासूजी) को उपरोक्त रूप से अर्पित एक लोटा, वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे जीवित न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

## पूजन सामग्री

करवा चौथ एक नारी पर्व है। इस व्रत को सौभाग्यवती महिलाएं करती हैं। इस व्रत में प्रमुखतः गौरी व गणेश का पूजन किया जाता है। जिसमें पूजन सामग्री का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। आइए देखते हैं करवा चौथ से जुड़ी पूजन सामग्री की सूची - 1. चंदन 2. शहद 3. अगरबत्ती 4. पुष्प 5. कच्चा दूध 6. शक्कर 7. शुद्ध घी 8. दही 9. मिठाई 10. गंगाजल 11. कुंकू 12. अक्षत (चावल) 13. सिंदूर 14. मेहंदी 15. महावर 16. कंघा 17. बिंदी 18. चुनरी 19. चूड़ी 20. बिछुआ 21. मिट्टी का टोंटीदार करवा व ढक्कन 22. दीपक 23. रुई 24. कपूर 25. गेहूं 26. शक्कर का बूरा 27. हल्दी 28. पानी का लोटा 29. गौरी बनाने के लिए पीली मिट्टी 30. लकड़ी का आसन 31. चलनी 32. आठ पूरियों की अठावरी 33. हलुआ 34. दक्षिणा (दान) के लिए पैसे, इत्यादि।

# व्रत की पूजन विधि

हिंदू सनातन पद्धति में करवा चौथ सुहागिनों का महत्वपूर्ण त्योहार माना गया है। इस पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, चूड़ी पहन व सोलह श्रृंगार कर अपने पति की पूजा कर व्रत का पारायण करती हैं। सुहागिन या पतिव्रता स्त्रियों के लिए करवा चौथ बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है। यदि दो दिन की चंद्रोदय व्यापिनी हो या दोनों ही दिन, न हो तो मातृविद्धा प्रशस्यते के अनुसार पूर्वविद्धा लेना चाहिए। स्त्रियां इस व्रत को पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह व्रत अलग-अलग क्षेत्रों में वहां की प्रचलित मान्यताओं के अनुरूप रखा जाता है, लेकिन इन मान्यताओं में थोड़ा-बहुत अंतर होता है। सार तो सभी का एक होता है पति की दीर्घायु।

### करवा चौथ व्रत विधि

- करवा चौथ की आवश्यक संपूर्ण पूजन सामग्री को एकत्र करें।
- व्रत के दिन प्रातः स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें- मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।
- पूरे दिन निर्जला रहें।
- दीवार पर गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं। चित्रित करने की कला को करवा धरना कहा जाता है।
- आठ पूरियों की अठावरी बनाएं। हलुआ बनाएं। पक्के पकवान बनाएं।
- पीली मिट्टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।
- गौरी को लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उस पर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग सामग्री से गौरी का श्रृंगार करें।
- जल से भरा हुआ लोटा रखें।
- वायना (भेंट) देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।
- रोली से करवा पर स्वस्तिक बनाएं।
- गौरी-गणेश और चित्रित करवा की परंपरानुसार पूजा करें। पति की दीर्घायु की कामना करें।
  नमः शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संतति शुभाम। प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे॥
- करवा पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें।
- कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ घुमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।
- तेरह दाने गेहूं के और पानी का लोटा या टोंटीदार करवा अलग रख लें।
- रात्रि में चन्द्रमा निकलने के बाद छलनी की ओट से उसे देखें और चन्द्रमा को अर्घ्य दें।
- इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। उन्हें भोजन कराएं और स्वयं भी भोजन कर लें।
  पूजन के पश्चात आस-पड़ोस की महिलाओं को करवा चौथ की बधाई देकर पर्व को संपन्न करें।

## दूध का अर्घ्य चढ़ेगा चंद्र देव को



पति की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस दिन निर्जला उपवास कर शाम को चंद्र दर्शन के बाद व्रत का समापन करेंगी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सुहाग की रक्षा और पति के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस दिन महिलाएं सुबह से ही व्रत रखकर संध्या के समय करवा चौथ की कथा का श्रवण करेंगी और रात में चंद्रदेव को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ेंगी। यह व्रत निराहार ही नहीं बल्कि निर्जला के रूप में ही करना अधिक लाभप्रद माना जाता है। इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, चंद्रदेव और गौरा का पूजन करने का विधान है। विधिवत पूजा-अर्चना के लिए एक तांबे या मिट्टी के पात्र में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री किसी श्रेष्ठ सुहागिन महिला या अपनी सास के चरण स्पर्श कर उन्हें भेंट करना चाहिए। कथा श्रवण करने के बाद रात में जैसे ही चंद्रदेव का उदय हो उसे छलनी से देखकर दूध एवं जल से अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद पहले चंद्रदेव और अपने पतिदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसा करने से पति की आयु लंबी होती है।

## करवाचौथ की कथा

बहुत समय पहले की बात है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहाँ तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी। शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही खा सकती है। चूँकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।

सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चाँद उदित हो रहा हो।

इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चाँद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चाँद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।

वह पहला टुकड़ा मुँह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुँह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है। उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।

एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियाँ करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियाँ उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।

इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूँकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह के वह चली जाती है। सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है। अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अँगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुँह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है। हे श्री गणेश माँ गौरी जिस प्रकार करवा को चिर सुहागन का वरदान आपसे मिला है, वैसा ही सब सुहागिनों को मिले।


# भारत भर में मनाया जाता है करवा चौथ

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चौथी तिथि को सदियों से करवा चौथ के रूप में मनाया जाता है। इसे करक, करवा, करूआ या करूवा अनेक नामों से जाना जाता है। कई स्थानों पर इसे करवा गौर के नाम से भी पहचाना जाता है।

करवा मिट्टी या धातु से बने हुए लौटे के आकर के एक पात्र को कहते हैं, जिसमें टोंटी लगी होती है। करवा चौथ का व्रत स्त्रियां अपने सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए रखती हैं। शास्त्रों में दो विशिष्ट संदर्भों की वजह से करवा चौथ व्रत के पुरातन स्वरूप का प्रमाण मिलता है। इस व्रत के साथ शिव-पार्वती के उल्लेख की वजह से इसके अनादिकाल का पता चलता है। संपूर्ण भारत में, विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी भारत में करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है। निर्जला एकादशी व्रत की तरह यह व्रत भी निराहार व निर्जला होता है।

ऐसा माना जाता है कि यह व्रत सिर्फ विवाहिता स्त्रियों के लिए है परंतु अविवाहित कन्याओं द्वारा भी इस व्रत को किए जाने के प्रमाण उपलब्ध हैं। फर्क सिर्फ इतना ही है कि सौभाग्यवती महिलाएं चंद्रदर्शन के पश्चात व्रत तोड़ती हैं और कन्याएं आसमान में पहले तारे के दर्शन के बाद व्रत समाप्त करती हैं। संभव है कि लोकोक्ति पहला तारा मैंने देखा, मेरी मर्जी पूरी इस व्रत के कारण ही शुरू हुई हो। करवा चौथ व्रत में शिव, पार्वती, कार्तिकेय और चंद्रमा की पूजा की जाती है। इस व्रत के लिए चंद्रोदय के समय चतुर्थी होना जरूरी माना गया है। इस व्रत में करवे का विशेष रूप से प्रयोग होता है। महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं और चंद्रोदय के बाद भोजन-जल ग्रहण करती हैं। करवे में पकवान भरे जाते हैं या पताशे रखे जाते हैं और उन्हें दान में दिया जाता है। कई स्थानों पर चावल से बने व्यंजन भी रखे जाते हैं। इसी दिन शाकप्रस्थपुर के वेदधर्मा ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती की कथा सुनाई जाती है, जिसने यह व्रत किया था और पुनः अपने पति को प्राप्त किया था। दीवारों पर या जमीन पर सूर्य, चंद्र और करवे के चित्र बनाए जाते हैं। करवे को चावल व अलग-अलग रंगों से आवृत्तियां बनाकर सजाया जाता है। करवे की टोंटी में सरकंडे की सींकें लगाई जाती हैं। टोंटीवाले करवे के लोटे का चयन संकल्प व आचमन हेतु जल निकालने के लिए किया जाना, संभव है इस व्रत के पूर्व में ही विद्यमान रहा होगा।






स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अख़बार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267